# बालमन

कैमूर

Powered by Teachers of Bihar



वर्ष 2023

माह अप्रैल

अंक 16

**प्रधान संपादक** :- धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा भभुआ (कैमूर)]

Dheeraj Kumar- +91 9431680675

Teachers of Bihar - +91 7250818080

info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,
(मो०-9544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)

### "शुभकामना संदेश"



मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय



## प्यारे बच्चों,

नमस्कार

गर्मी के आगमन के साथ आपके विद्यालय मॉर्निंग टाइम में संचालित होने शुरू हो गए है।आप सभी खुद को गर्म हवा से बचाएंगे और दोपहर में खेलने से परहेज़ करेंगे।मेरे तरफ से आप सभी को ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद। माह बदलने के साथ - साथ नित्य नए उत्साह के साथ हम भी नित्य नए ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने को प्रयासरत रहेंगे।आपको पता है ऐसा कोई दिन नही होता जिस दिन आपकी प्रतिभा हमे नही मिलती है।दिन - प्रतिदिन आपके उत्साह को देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है।हमारा बाल मन परिवार लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब प्रखंड स्तर पर बाल मन पत्रिका का प्रकाशन शुरू हो चुका है,जिसे आप सभी बहुत पसंद कर रहे है।हम सभी बाल मन की टीम सदैव आप सभी की प्रतिभा को सम्मानित करते हुए उसे प्रकाशित कर रहे है।

पत्रिका के इस अंक को आपको समर्पित करते हुए हमे बहुत खुशी हो रही है।आप सभी बच्चें अपने विद्यालय में निरंतर नवाचार करते रहे साथ ही अपने अंदर के बाल कलाकार को बाहर आने दे। आज का जमाना सोशल मीडिया का है।यदि आपके पास कला है तो उसे जरूर हम तक जरूर पहुंचाए।

हमारी TOB बाल मन कैमूर पत्रिका की टीम बेहतर से बेहतर करने के लिए सदा प्रयत्नशील है।अनजाने में कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हम क्षमाप्रार्थी है।हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

आपका
धीरज कुमार
U.M.S. सिलौटा (भभुआ) कैमूर

# प्रधान सहयोगी सदस्य

## विज्ञान कॉर्नर

1.राजेश कुमार सिंह ( महाबल भृगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय भभुआ)
2.प्रतिभा पाण्डेय (महाबल भृगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय भभुआ)

## दर्शनीय स्थल की जानकारी

1.कुमार राकेश मणि (UMS कोटा नुआंव)
2.प्रतिभा पाण्डेय ( महाबल भृगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय भभुआ)

## रोचक गणित

कुमार राकेश मणि (UMS कोटा नुआंव)

## कविता संग्रह

1.दिलीप कुमार दीप (उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीरी भगवानपुर)
2.अशोक कुमार (NPS भटवलिया नुआंव)
3. एम. एफ.हुसैन कैमुरी (UHS छोटका कटरा मोहनियां)
4.शशिकांत वर्मा (प्राथमिक विद्यालय रामपुर भभुआ)

## बाल कविता

शिखा कुमारी((महाबल भृगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय भभुआ)

# विशेष आभार

टीचर्स ऑफ बिहार परिवार के सभी टीम लीडर रोचक तथ्य,स्वास्थ्य सुझाव, विश्व के धरोहर,सुविचार,दिवस विशेष,खेल कॉर्नर,गणित कॉर्नर,जयंती विशेष ,दिवस प्रेरणा,पर्यावरण अध्ययन और शिक्षा शब्द कोश के लिए टीम का विशेष आभार प्रकट करते है।

# सुविचार

इंसान की आदत है नहीं मिले तो सब्र नहीं करता और मिल जाये तो कद्र नहीं करता।

महात्मा बुद्ध



राकेश कुमार

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

## "हम बिहारी हईं"

हम त बिहारी हईं, एकर गुमान बा,
चमकत बिहार हमरे, देशवा क शान बा।

बुद्ध के ज्ञान मिलल, हमरे बिहार में,
जेकर उपदेश फैलल, सारा संसार में।

कुंवर क धरती ह ई, जोश भरपूर हो,
ईहवाँ पे पैदा भईलें, वीर मशहूर हो।

मिथिला क धरती लागे बहुते सुहावन,
बोली भोजपुरिया ह, बड़ी मनभावन।

ज्ञानी आर्यभट्ट पर, हमके अभिमान बा
नालंदा क धरती त, ज्ञानीन क खान बा।

दिनकर क कविता हम, रेणु क विचार हईं,
विद्यापति क गीत हईं, उत्तम संस्कार हईं।

केतना बख़ान करीं, करीं हम बड़ाई,
सन-सन्तवान क लड़नी हम, लड़ाई।

जे पी आंदोलन में, भरले हुँकार हईं,
हम त बिहार हईं, हम तो बिहार हईं।


—दिलीप गुप्ता 'दीप'

# बिहार स्थापना दिवस

जन जन की यही पुकार,
समृद्ध हो अपना बिहार|
वीरों की है कर्मभूमि ,
जानता है सारा संसार||



दृढ़ संकल्पित हो हम,
आओ कर्तव्यनिष्ठ बने|
फिर से नया बिहार,
आओ मिलकर गढ़े||



बेटे बेटियों में फर्क नहीं,
सबको भेजें स्कूल|
शिक्षा के द्वारा उद्धार होगा,
इसे ना जाना भूल||




नशा बाल विवाह दहेज प्रथा,
जैसे कुरीतियों से बचें|
कंधे से कंधा मिलाकर,
आओ हम सब आगे बढ़े||



होगी जय जय कार हमारी,
आओ अग्रिम पथ पर चले|
समरसता का भाव लेकर,
चलो नया बिहार गढ़े||



अशोक कुमार
न्यू प्राथमिक विद्यालय भटवलिया
नुआंव कैमूर

# मैं बिहार हूं




महर्षि बाल्मीकि का मैं रामायण हूं
एस०एच०बिहारी का मैं गायन हूं
बहादुर और बिस्मिल्लाह खां की
वाद्य यंत्रों का सदा मैं वादन हूं

मैं गांधी जी का सत्याग्रह हूं
मैं बाबू कूंवर सिंह हूंकार हूं
महावीर और बुद्ध की तपोभूमि
मैं पावन गया मोक्ष का द्वार हूं

पटना हुआ मेरा हृदय स्थली
मैं ही भारत का कंठहार हूं
मैं हूं चंद्रगुप्त की जन्मस्थली
मैं गौतम बुद्ध की अवतार हूं

मैंने दिया है , शून्य दुनियाँ को
मैं आर्यभट्ट का अविष्कार हूं
नालंदा है मेरा , विश्व धरोहर
मैं यहां लिए ज्ञान का भंडार हूं



एम० एस० हुसैन कैमूरी
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय छोटका कटरा
मोहनियां कैमूर बिहार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



फरवरी **1865** इतिहास में **दर्ज** एक ऐसा महीना है जिसमें **“पूर्णिमा” (Full moon)** नहीं आई है. दरअसल, हर **19 साल** बाद **फरवरी** का एक **महीना** आता है जिसमें **पूर्णिमा नहीं होती** है. अगली बार **2037** में ऐसी **खगोलीय** घटना होगी.

# 5 अंतर खोजे

अपने उत्तर हमे व्हाट्सएप पर भेज सकते है।



# आप तैयार है न...



# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार



दिनभर की भागदौड़ के लिए बाडी के सभी अंगों का सक्रिय होना जरूरी है, इसलिए आप सुबह जल्दी उठकर कसरत करने की आदत डालें। कसरत वजन कम करने के साथ ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी दुरूस्त रखता है।

# Teachers of Bihar

*The change makers*

## विश्व के धरोहर एवं रोचक तथ्य

### विश्व के धरोहर

**कंदरिया महादेव मंदिर**



**भारत के मध्यप्रदेश राज्य में भगवान शिव को समर्पित कंदरिया महादेव मंदिर है जो खजुराहो के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर की खूबी है मंदिर की दीवारों पर बनी मैथुन मूर्तियां। इस मंदिर का निर्माण *950* ईसवी से *1050* ईसवी के बीच चन्देल राजाओं द्वारा करवाया गया।**

### रोचक तथ्य

**जिन देशों पर अंग्रेजो ने राज किया हुआ है सिर्फ उन्ही देशों में क्रिकेट खेला जाता है।**

अमरेन्द्र कुमार
डिस्ट्रिक्ट मेंटर (TOB)
रोहतास

21/03/2023

Madhu priya

# नन्हे कलाकार भाग 1



Ankita kumari
CL-4, UHS
BAIJNATH
RAMGARH



सोनी कुमारी,बर्ग-5,रो0न0-22
UHS.BAIJNATH,RAMG
ARH.KAIMUR



वर्ग 7 निशा कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा पेड़ पर चिड़िया का घोंसला



Nimisha kumari UMS
SILAUTA BHABUA

## Urdu primary school ward no. 1 bhabua



श्वेता और नेहा वर्ग 6
सन्नी वर्ग 4
UMS सरैया भगवानपुर







# नन्हे कलाकार भाग 2



U.M.S. दुघरा भभुआ





Urdu primary school ward no. 1 bhabua



# नन्हे कलाकार भाग 3




Aaliya perween class 4 urdu primary school ward no I

Shivani Kumari class 5 NPS KAJHARGHAT kudra



UMS अर्रा मोहनियां





**Urdu primary school ward no. 1 bhabua**



# अज़ब-गज़ब

1. बंदर भी इंसान की तरह केला छील कर खाते है मगर उलटे तरफ से।

2. बेंगलुरु में एक इडली एटीएम शरण हीरेमठ द्वारा लगाई गई है जिसमे मशीन द्वारा इडली प्राप्त होता है।



3. ओम कोठावडे नाम के एक छात्र ने लैपटॉप डाटा चोरी से संबंधित खामी को खोज कर 11 लाख का पुरस्कार जीता है।



4. जिराफ के शरीर पर जितने गहरे धब्बे होंगे,वह उतना ही उम्रदार होगा।

5.ग्रेटर सेज ग्राउस पक्षी अपनी पूंछ को फैला कर नुकीले रूप में कर देता है जैसे वह एक योद्धा हो।ऐसा कर कर वो अपने पार्टनर को रिझाता है।





धीरज कुमार
UMS सिलौटा भभुआ कैमूर

# थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....

1. राजू और सिराजू एक होटल के आगे एक पोस्टर पर कुछ पढ़ कर अंदर गए और खूब पेट भर कर खाना खाता।

वेटर : सर ,ये आपका बिल है।

राजू :( अपनी शादी का कार्ड देते हुए)ये लो कार्ड ......

वेटर : ये क्या मजाक है!

सिराजु:क्या हुआ ?

वेटर : खाने के पैसे चाहिए कार्ड नहीं

राजू : बाहर पोस्टर पर लिखा तो है की ALL CARDS ACCEPTED HERE..

.................................................

2. पिंकी : चिंकी ये बताओ की एक हाथी मार्च महीने में फरवरी से अधिक खाना क्यों खाता है?

चिंकी : (सोचते हुए) नही पता...

पिंकी : अरे यार फरवरी 28/29 दिन का ही होता और मार्च 31 दिन का होता है तो कम ही खाना खायेगा ना।

स्रोत: सोशल मीडिया

# चेतना सत्र



U.M.S. दुघरा भभुआ




U.M.S. सिलौटा भभुआ

# **TOB** बूझो तो जानें. . .

1.

छू जाने से ही यह शर्माए, देख रूप अपना ही इतराए,
छोटा फूल बड़ा शर्मिला, बताओ ये क्या कहलाए **..?**

2.

चार अक्षर से बनकर मैं तो आया सबके हाथों में, ज्ञान
बढ़ाओ नित्य - नई, सबको रखें अपनी मुट्ठी में **..?**

3.

नदी किनारे खड़ा रहें, मारे एक टक नैन, जब
तक मीन न पकड़े, ना मिले उसे चैन**..?**

4.

एक है ठगनी ,करें कमाल, दिखती हरी, लिखती लाल,
बात जरा सी लगे, है बड़ी सवाल ..?



उत्तर : 1. छुई मुई 2. मोबाइल 3.. बगुला 4. मिर्ची

संजय कुमार

www.teachersofbihar.org

# गणित की बातें

**संख्या (NUMBER)---**

**वो गणितीय वस्तुएँ जिनका उपयोग गिनने, मापने और नामकरण करने के लिए किया जाता हैं उन्हें संख्या कहते हैं।।**

**कुछ प्रमुख संख्याएं.....**

**1-प्राकृत संख्या → 1, 2, 3, 4, 5, .........**

**2- पूर्ण संख्या → 0, 1, 2, 3, 4,5......**

**3-सम संख्या → 2, 4, 6, 8, 10, .........**

**4-विषम संख्या → 1, 3, 5, 7, 9, .........**

**5-पूर्णांक संख्या → -3, -2, -1, 0, 1, 2, 3, .........**

**6-भाज्य संख्या → 4, 6, 8, 9,10 .........**

**7-अभाज्य संख्या → 2, 3, 5, 7, 11, .........**

**8-सह अभाज्य संख्या → (5, 7) , (2, 3) आदि**

**9-परिमेय संख्या → √4, 7/5, 2/3, 3 आदि**

**10-अपरिमेय संख्या → π,√5, √7, √11, √13 आदि**

**11-वास्तविक संख्या → √4, √11, 4/7 आदि**

**12-अवास्तविक संख्या → √-6, √-5, √-29 आदि**



राकेश कुमार मणि
UHS कोटा नुआंव कैमूर

# पेटिंग ऑफ द मंथ



**नाम : अर्चना यादव**
**वर्ग : 8**
**विद्यालय : उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदासपुर**
**प्रखंड : कुदरा**








# आपके पेंटिग भाग 1



किंजल कुमारी वर्ग- 5 , प्राथमिक विद्यालय रामपुर, भभुआ-कैमूर





राजन तिवारी, वर्ग 4, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा



प्राथमिक विद्यालय खनेठी रामगढ़



U.M.S. सिलौटा भभुआ




UMS अर्रा मोहनियां

# आपके पेंटिग भाग 2








## Urdu primary school ward no. 1 bhabua



# आपके पेंटिंग भाग 3



U.H.S. हरदासपुर कुदरा




UMS अर्रा मोहनियां



आयुष कुमार ,वर्ग 4 के द्वारा विद्यालय की दिवाल पर बनाया गया चित्र।प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर

Urdu primary school Akhlaspur BHABUA












# हम भी कम नहीं




U.H.S. कोटा
नुआंव



Urdu primary school
Akhlaspur BHABUA







U.H.S. छोटका कटरा मोहनियां





Dhammjyoti Kumari
,class-7 m.s.bamhaur,
mohania

# पेन और पेंसिल आर्ट



U.H.S. हरदासपुर कुदरा






# बैगलेस शनिवार



U.H.S. कोटा नुआंव




U.M.S. सिलौटा भभुआ




प्राथमिक विद्यालय बहादुरा मोहनियां



# रंगोली विशेष









# दर्शनीय स्थल



राकेश कुमार मणि
UHS कोटा नुआंव कैमूर







## करकटगढ़ जलप्रपात

कटगढ़ जलप्रपात कैमूर जिले के कर्मनासा नदी पर करकटगढ़ गांव में
स्थित है। मगरमच्छ संरक्षण रिजर्व और इको-टूरिज्म स्पॉट के रूप में
हार सरकार इसे विकसित कर रही है। यहां मगरमच्छों का प्राकृतिक
ास है। बिहार का एकमात्र मगरमच्छ संरक्षण केंद्र यहीं है। यहां प्रकृति
मनोरम दृश्य देखने को मिलते हैं। यह जलप्रपात अब बिहार के पर्यटन
ूची में शामिल हो गया है। यह जलप्रपात चैनपुर प्रखंड मुख्यालय से
करीब 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां लगभग 500 फीट
ाई में पानी गिरते हुए देखा जा सकता है। करकटगढ़ जलप्रपात में सौ
अधिक संख्या में मगरमच्छ हैं, जो ठंड के मौसम में धूप सेकने के लिए
हर निकलते हैं और पत्थरों पर आकर बैठते हैं। धूप सेंकते मगरमच्छों
को देखने के लिए लोग काफी उत्सुक नजर आते हैं।





## मुंडेश्वरी मंदिर,कैमूर

मुंडेश्वरी मंदिर,बिहार के कैमूर जिले के पवरा पहाड़ी पर लगभग 608 फीट की ऊँचाई पर स्थित है।पुरात्वविदों के अनुसार मंदिर से प्राप्त शिलालेख 389 ई० के बीच का है जो इसकी प्राचीनता को दर्शाता है ।इस मंदिर का निर्माण महाराजा उदय सेन के शासन काल में 635-636 ई० बताया जाता है। मुंडेश्वरी भवानी के मंदिर की नक्काशी और मूर्तियाँ उत्तरगुप्तकालीन है।यहाँ पूजा की परंपरा 1900 सालों से अविछन्न चली आ रही है ।यह भारत के सर्वाधिक प्राचीन व सुन्दर मंदिरों में से एक है ।



Pratibha Pandey, kaimur

# कविता



नाम: शिखा कुमारी
विद्यालय : महाबल भृगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय बहेरा भभुआ

## मच्छर के कारनामें

मच्छर के हैं छोटी प्रजाति
नर-मादा में मादा आती।
धीरे-धीरे गाना गाती
सबकी रक्तों को चुराती
मच्छरदानी भी काम न आए
जब ये घर में घुस जाए।
एक डंग जब मारती तो
सारे शरीर में खुजली आए।
शरीर को है लाल कर देती
और अपने बच्चों का पेट पालती।
इधर-उधर वो घूमते चलती
कब समय मिले तो डंक मार देती
छोटी है पर बड़ी दिमाग
कामों में न मानती हार।
बार-बार है कोशिश करती
कब आ जाए पकड़ में उसकी।
कोई एक चपेटा मारा तो
खत्म हो जाती उसकी कहानी।

—शिखा

## अच्छी संस्कार

बच्चों को जब दोगे तुम
अच्छे संस्कार कभी
जिवन में तुम्हें मिलेगा
कोई भी सत्कार करेगा।
सुबह सवेरे उन्हें उठाव
उन्हें उठाकर ब्रश पकड़ाओ।
तब जाके स्नान कराओ
बड़े जनों का चरण छुआओ।
शिक्षा उन्हें दिलाओ अच्छे
ताकि बन सके वो अच्छे बच्चे।
दोगे तुम जैसी शिक्षा
वैसे ही ग्रहण करेगा बच्चा।
दो अच्छे संस्कार तुम
आगे बढ़ने का शान हो तुम।
जैसे चलोगे वैसे चलेंगे
आगे बढ़ते हम रहेंगे।
पुरा करेंगे अपना सपना
तभी सब लोग करेंगे कल्पना

—शिखा

# कविता

## चलना हैं धीरे -धीरे

हैं पग- पग पर रोड़े।
चलते रहना है थोड़े -थोड़े।।

बढ़ते कदम अब रुकने वाले नहीं है।
इरादे मजबूत रखे चले कितने भी कोड़े।।

है बुलंद इच्छाशक्ति पत्थर सी।
चला ले कोई कितने भी हथौड़े।।

मन में उम्मीद ले कर घर से चले।
राह में आने वाले सह लेंगे सब पीड़े।।

लक्ष्य निर्धारित है,मंजिल है दिखता।
अर्जुन की तरह निशाना सीधे पक्षी की आंख पर है पड़े।।

बहुत आयेगे मार्ग से भटकाने को।
रूप बदल - बदल कर कोई मुझे तोड़े।।

पर कमजोर पड़ने वाले कदम मेरे नही।
सर पर धुन सवार है,अब कोई राह ना मोड़े।।

हैं पग- पग पर रोड़े।
चलते रहना है थोड़े -थोड़े।।

धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय
सिलौटा
भभुआ कैमूर



## विद्यालय से विदाई

यह कैसी है विदाई, आती है बहुत रुलाई,
दोस्त सभी बनते थे, मेरी परछाई।
हंसते-हंसाते, होती रोज लड़ाई,
सखा सहेली छूट जाई, याद बहुत आई।।
इतना अच्छा मेरा स्कूल, इतनी अच्छी पढ़ाई,
गुरू जी से हिसाब सीखी, पाई- पाई।
रिश्ते नाते माता-पिता, बहन, भाई,
परिमाप, क्षेत्रफल लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई।।
इतने प्यारे मेरे गुरु, इनसे हुई जुदाई,
यह कैसी है विदाई, आती है बहुत रुलाई।
लगता है जी जान से, निकल जाई,
पाँच साल तक की पढ़ाई, अब कहां जाई।
दुआ है जहां जाई, वहां ऐसी ही हो पढ़ाई,
यह विद्यालय याद ना आए नहीं तो आएगी बहुत रुलाई।।
यह कैसी है विदाई, आती है बहुत रुलाई।।



शशिकांत वर्मा
प्राथमिक विद्यालय रामपुर,
भभुआ-कैमूर (बिहार)

# खेल कॉर्नर

दैनिक भास्कर

## क्रिकेट



### लेफ्ट आर्म पेसर के खिलाफ वनडे में हमारे बैटर्स

| खिलाड़ी | मैच | आउट | रन | औसत |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 129 | 30 | 1442 | 48.1 |
| शुभमन गिल | 9 | 3 | 115 | 38.3 |
| विराट कोहली | 120 | 31 | 1468 | 47.4 |
| श्रेयस अय्यर | 13 | 2 | 117 | 58.5 |
| केएल राहुल | 27 | 4 | 206 | 51.5 |
| हार्दिक पंड्या | 22 | 7 | 147 | 21.0 |
| सूर्यकुमार यादव | 4 | 3 | 13 | 4.3 |
| ईशान किशन | 5 | 0 | 37 | - |

स्रोत: दैनिक भास्कर

## इम्पैक्ट प्लेयर नियम [क्रिकेट]

इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत IPL के किसी मैच में खेल रही दोनों टीमें बीच मुकाबले के दौरान किसी एक खिलाड़ी को बदल कर दूसरे खिलाड़ी को ग्राउंड पर उतार सकती हैं। इसके लिए टीमों को टॉस के समय ही इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर 4-4 ऑप्शन बताने होंगे। इन्हीं 4 में से कोई 1 खिलाड़ी पहले से प्लेइंग-11 का हिस्सा बने खिलाड़ी को रिप्लेस कर सकेगा।

मैच में दोनों पारियों के दौरान 14 ओवर तक इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल किया जा सकता है। एक टीम पूरे मैच के दौरान सिर्फ एक बार इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर रिप्लेसमेंट ले सकती है। वह चाहे तो पहली पारी के 14 ओवर तक रिप्लेसमेंट ले या फिर दूसरी पारी के 14वें ओवर तक। टीमें उस खिलाड़ी को भी रिप्लेस कर सकती है जो बैटिंग या बॉलिंग कर चुका हो।

### क्या है प्लेयर सब्स्टीट्यूशन रूल?

| प्लेइंग-XI के साथ 4 सब्स्टीट्यूट प्लेयर भी होंगे | किसी भी एक प्लेयर को रिप्लेस कर सकेंगे | 14वें ओवर तक प्लेयर रिप्लेस करना होगा |
|---|---|---|

www.teachersofbihar.org

स्रोत:
अमर उजाला

# रमजान

राकेश कुमार

**24 मार्च से शुरू** : रमजान इस्लामी कैलेण्डर का नवां महीना है। मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने को परम पवित्र मानता है। इस पवित्र महीने की शुरुआत चांद देखने के बाद से होती है। रमजान का महीना कभी 29 दिन का तो कभी 30 दिन का होता है। इस महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। अरबी शब्दकोश में उपवास को सौम कहा जाता है, इसलिए इस मास को अरबी में माह-ए-सियाम भी कहते हैं। फारसी में उपवास को रोजा कहते हैं। रोजा शुरू होने से पहले सुबह कुछ खाया जाता है जिसे सहरी कहते हैं। इसके बाद शाम को सूर्यास्त के बाद रोजा खोल कर खाते हैं जिसे इफ़्तारी कहते हैं। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, रमजान के महीने में अल्लाह से पैगंबर मोहम्मद साहब को कुरान की आयतें मिली थीं। इसलिए ये महीना बहुत ही पवित्र माना जाता है।






# बिहार में प्रथम

- बिहार के प्रथम राज्यपाल – जयराम दास दौलतराम
- देश का उप-प्रधानमंत्री बनने वाले बिहार का प्रथम के व्यक्ति – बाबू जगजीवन राम
- बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री – डॉ. श्रीकृष्ण सिंह
- राष्ट्रपति बनने वाला बिहार के प्रथम व्यक्ति – डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
- बिहार विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष – रामदयालु सिंह
- बिहार विधान परिषद् की प्रथम महिला सभापति – राजेश्वरी देवी
- बिहार विधान परिषद् के प्रथम सभापति – राजीव रंजन प्रसाद सिंह
- बिहार राज्य महिला आयोग की प्रथम अध्यक्ष – मंजू प्रकाश
- पटना उच्च न्यायालय के प्रथम भारतीय प्रमुख न्यायाधीश – सर सैय्यद फजल अली
- बिहार के प्रथम मुस्लिम मुख्यमंत्री – अब्दुल गफूर
- बिहार के सबसे कम कालावधि वाले मुख्यमंत्री – सतीश प्रसाद सिंह
- बिहार के सर्वाधिक कालावधि वाले मुख्यमंत्री – नीतीश कुमार
- बिहार की प्रथम महिला मुख्यमन्त्री – राबड़ी देवी
- बिहार के प्रथम हरिजन मुख्यमंत्री – भोला पासवान शास्त्री
- बिहार के प्रथम निर्दलीय मुख्यमंत्री – महामाया प्रसाद सिन्हा

# कहानी



## एक बाल्टी दूध



एक बार एक राजा के राज्य में महामारी फैल गयी। चारो ओर लोग मरने लगे। राजा ने इसे रोकने के लिये बहुत सारे उपाय करवाये मगर कुछ असर न हुआ और लोग मरते रहे। दुखी राजा ईश्वर से प्रार्थना करने लगा। तभी अचानक आकाशवाणी हुई। आसमान से आवाज़ आयी कि हे राजा! तुम्हारी राजधानी के बीचों बीच जो पुराना सूखा कुंआ है, अगर अमावस्या की रात को राज्य के प्रत्येक घर से एक-एक बाल्टी दूध उस कुएं में डाला जाये तो अगली ही सुबह ये महामारी समाप्त हो जायेगी और लोगों का मरना बन्द हो जायेगा। राजा ने तुरन्त ही पूरे राज्य में यह घोषणा करवा दी कि महामारी से बचने के लिए अमावस्या की रात को हर घर से कुएं में एक-एक बाल्टी दूध डाला जाना अनिवार्य है।

अमावस्या की रात जब लोगों को कुएं में दूध डालना था। उसी रात राज्य में रहने वाली एक चालाक एवं कंजूस बुढ़िया ने सोंचा कि सारे लोग तो कुंए में दूध डालेंगे, अगर मैं अकेली एक बाल्टी पानी डाल दूं तो किसी को क्या पता चलेगा। इसी विचार से उस कंजूस बुढ़िया ने रात में चुपचाप एक बाल्टी पानी कुंए में डाल दिया। अगले दिन जब सुबह हुई तो लोग वैसे ही मर रहे थे। कुछ भी नहीं बदला था क्योंकि महामारी समाप्त नहीं हुई थी। राजा ने जब कुंए के पास जाकर इसका कारण जानना चाहा तो उसने देखा कि सारा कुंआ पानी से भरा हुआ है।









दूध की एक बूंद भी वहां नहीं थी। राजा समझ गया कि इसी कारण से महामारी दूर नहीं हुई और लोग अभी भी मर रहे हैं।

दरअसल ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि जो विचार उस बुढ़िया के मन में आया था वही विचार पूरे राज्य के लोगों के मन में आ गया और किसी ने भी कुंए में दूध नहीं डाला।

शिक्षा:-

मित्रों, जैसा इस प्रसंग में हुआ वैसा ही हमारे जीवन में भी होता है। जब भी कोई ऐसा काम आता है जिसे बहुत सारे लोगों को मिल कर करना होता है तो अक्सर हम अपनी जिम्मेदारियों से यह सोच कर पीछे हट जाते हैं कि कोई न कोई तो कर ही देगा और हमारी इसी सोच की वजह से स्थितियां वैसी की वैसी बनी रहती हैं। अगर हम दूसरों की परवाह किये बिना अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाने लग जायें तो पूरे देश की जनता ऐसा बदलाव ला सकती हैं जिसकी आज हमें ज़रूरत है।





साभार : सोशल मीडिय

# गणित कॉर्नर

## लाभ और हानि (profit and loss)

### क्रय मूल्य (cost price)-

जिस मूल्य पर कोई वस्तु खरीदी जाती है, उसे उस वस्तु का क्रय मूल्य कहते हैं।

### विक्रय मूल्य (selling price)-

जिस मूल्य पर कोई वस्तु बेची जाती है, उसे उस वस्तु का विक्रय मूल्य कहते हैं।

### लाभ (profit) -

यदि किसी वस्तु का विक्रय मूल्य उसके क्रय मूल्य से अधिक हो, तो वैसी स्थिति में लाभ होता है।

### लाभ प्रतिशत (profit percent)-

प्रति ₹100 पर लाभ को लाभ प्रतिशत कहते हैं।

### हानि (loss) -

यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य उसके विक्रय मूल्य से अधिक हो तो, वैसी स्थिति में हानि होता है।

### हानि प्रतिशत (loss percent)-

प्रति ₹100 पर हानि को हानि प्रतिशत कहते हैं।

### ऊपरीव्यय (Extra expense)

वस्तुओं को उचित स्थान पर लाने में बस भाड़ा ,रेल- किराया, कुली भाड़ा ,रिक्शा भाड़ा ,दुकान का किराया ,दुकान के कर्मचारियों का वेतन इत्यादि पर विक्रेता को जो व्यय करना पड़ता है, वे सब ऊपरी व्यय कहलाते हैं।

Anu Priya, Science Teacher

# माथा पच्ची

1 मिनट में 5आभूषण का नाम खोजें और बन जाइए जीनियस।

| ट | अं | गु | ठी | बि | कं | क | न | पा | क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हा | य | छ | त | छी | ग | म | थु | जे | म |
| र | थ | ड | ब | या | न | र | नी | ब | र |
| द | ट | श | ष | ण | मु | बं | न | छु | पे |
| पा | य | ल | च | तू | झु | म | का | छी | टी |
| ह | न | आ | मा | दे | यो | ही | तु | या | का |
| ब | मां | ग | टी | का | उ | सि | क | डी | तु |

# चहक





U.M.S. सिलौटा भभुआ



रा. म. वि. उजारी सिकठी भभुआ

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

1 अप्रैल

**मधु प्रिया**

## भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल

भारतीय रिज़र्व बैंक
Reserve Bank of India

रिज़र्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल सन् 1935 को रिज़र्व बैंक ऑफ़ इण्डिया ऐक्ट 1934 के अनुसार हुई। भारत के अर्थतज्ञ बाबासाहेब आम्बेडकर ने भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना में अहम भूमिका निभाई हैं, उनके द्वारा प्रदान किये गए दिशा-निर्देशों या निर्देशक सिद्धान्त के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक बनाई गई थी। बैंक कि कार्यपद्धती या काम करने शैली और उसका दृष्टिकोण बाबासाहेब ने हिल्टन यंग कमीशन के सामने रखा था, जब 1926 में ये कमीशन भारत में रॉयल कमीशन ऑन इण्डियन करेंसी एण्ड फाइनेंस के नाम से आया था तब इसके सभी सदस्यों ने बाबासाहेब ने लिखे हुए ग्रन्थ दी प्राब्लम ऑफ़ दी रुपी - इट्स ओरीजन एण्ड इट्स सोल्यूशन (रुपया की समस्या - इसके मूल और इसके समाधान) की जोरदार वकालात की, उसकी पृष्टि की। ब्रिटिशों की वैधानिक सभा (लेसिजलेटिव असेम्बली) ने इसे कानून का स्वरूप देते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 का नाम दिया गया।प्रारम्भ में इसका केन्द्रीय कार्यालय कोलकाता में था जो सन् 1937 में मुम्बई आ गया। पहले यह एक निजी बैंक था किन्तु सन 1949 से यह भारत सरकार का उपक्रम बन गया है। शक्तिकांत दास भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान गवर्नर हैं, जिन्होंने 11 सितम्बर 2018 को पदभार ग्रहण किया।पूरे भारत में रिज़र्व बैंक के कुल 29 क्षेत्रीय कार्यालय हैं जिनमें से अधिकांश राज्यों की राजधानियों में स्थित हैं।इसके प्रमुख कार्य है। मौद्रिक नीति तैयार करना, उसका कार्यान्वयन और निगरानी करना। वित्तीय प्रणाली का विनियमन और पर्यवेक्षण करना।विदेशी मुद्रा का प्रबन्धन करना।मुद्रा जारी करना, उसका विनिमय करना और परिचालन योग्य न रहने पर उन्हें नष्ट करना।सरकार का बैंकर और बैंकों का बैंकर के रूप में काम करना। एवम साख नियन्त्रित करना।

/teachersofbihar

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Saturday

## 01 अप्रैल

1. **अप्रैल फूल–** एक बार चिंकी खरगोश ने गुनगुन भौंरे से पूछा–'भईया, ये अप्रैल फूल क्या होता है?' गुनगुन भौंरा बोला– 'जो फूल अप्रैल में खिलता है यानी जन्म लेता है, उसे अप्रैल फूल कहते हैं।' कहीं आप भी यही बात तो नहीं सोचने लगे? जी हॉं! आज एक अप्रैल है यानी 'मूर्खता दिवस'। सन् 1582 में पोप ग्रेगोरी तेरहवीं ने जूलियन कैलेण्डर में सुधार करते हुए ग्रेगोरियन कैलेण्डर में भी '1 जनवरी' को ही नया वर्ष घोषित किया। इसके साथ मार्च के आखिर में मनाये जाने वाले न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तारीख में बदलाव हो गया। कैलेण्डर की यह तारीख पहले फ्रांस में अपनाई गयी। हालांकि यूरोप में रह रहे बहुत से लोगों ने जुलियन कैलण्डर को ही अपनाया। उन्होंने उन लोगों को मूर्ख कहना शुरू कर दिया जो पुराने कैलेण्डर के मुताबिक चल रहे थे। इस प्रकार 'मूर्खता दिवस' मनाने की प्रथा शुरू हुई।

2. **भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना–** 1 अप्रैल, 1935 ई. को भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई थी। यह भारत का केन्द्रीय बैंक है। देश में नोटों (मुद्रा) जारी करने का जिम्मा इस बैंक को है। यह भारत के सभी बैंकों का संचालक तथा नियंत्रक है। प्रारंभ में इसका मुख्यालय कोलकाता था जो 1937 में बम्बई (वर्तमान मुम्बई) आ गया।
   - संदर्भः सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन, भाग 1, अध्याय 4 से जोड़कर बतायें।

3. **उत्कल दिवस–** उत्कल, उद्र या उड़ीसा (2011 से नया नाम ओड़िसा) उसी प्राचीन राष्ट्र कलिंग का आधुनिक नाम है, जिस पर 261 ईसापूर्व में मौर्य सम्राट अशोक ने आक्रमण किया था। आधुनिक ओड़िसा राज्य की स्थापना 1 अप्रैल, 1936 ई. को कटक के कनिका पैलेस में भारत के एक राज्य के रूप में हुई। इस दिन बिहार व उडीसा प्रांत का विभाजन अलग–अलग प्रांत के रूप में किया गया। इस राज्य के अधिकांष नागरिक उड़ीया भाषी थे। यह भारत का उत्तर–पूर्वी तटीय राज्य है। सर जॉन ऑस्टिन हब्बक को उड़ीसा का प्रथम गर्वनर नियुक्त किया गया था।
   - क्या करें? बच्चों को ओड़िसा का मानचित्र दिखाकर उसकी भौगोलिक अवस्थिति से अवगत करा सकते हैं।

4. **सम्राट अशोक जयंती–** मौर्य वंश का तीसरा शासक तथा बिन्दुसार का पुत्र अशोक का जन्म 304 ईसापूर्व हुआ था। वह 269 ई.पू. मगध की राजगद्दी पर बैठा था। अशोक ने सिंहासन पर बैठने के 8 वर्षो के बाद ही 261 ई.पू. में कलिंग पर आक्रमण कर दिया। उस समय कलिंग के राजा अनंत पद्मनाभन थे। सम्राट अशोक ने कलिंग (राजधानी तोसली) को जीत लिया। कलिंग महाराज की पुत्री पद्मा अशोक से युद्ध कर अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने आयी, पर शास्त्र सम्मत उसने स्त्रियों पर शस्त्र नहीं चलाया। इस युद्ध में हुए भयंकर रक्तपात ने उसका हृदय परिवर्तन कर

/teachersofbihar

*Madhu priya*

# प्रगति पत्रक वितरण सह सम्मान


U.M.S. अर्रा मोहनियां


U. M. S. Gajradhi kudra


U.M.S. सिलौटा भभुआ


प्राथमिक विद्यालय बहादुरा मोहनियां


U.H.S. छोटका कटरा मोहनियां



# विज्ञान कॉर्नर

Class 10

## जैवप्रक्रम

Biology

"जैवप्रक्रम एक विशेष प्रकार की प्रक्रिया है जिसके कारण सभी सजीव जीवित रहते हैं।"

- जैवप्रक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित प्रकार की क्रियाएँ होती है।

1. पोषण 2. श्वसन 3. परिवहन 4. उत्सर्जन

- यह सभी क्रियाएँ प्रत्येक जीवों में होती हैं।
- पृथ्वी पर जीव प्रायः दो प्रकार की होती हैं जो हमें अपनी आँखों से दिखती है। (1) जन्तु (2) पेड़ पौधें
- कोशिका की संख्या के आधार पर जीव दो प्रकार का होता हैं।

(1) एककोशिकीय जीव (2) बहुकोशिकीय जीव






राजेश कुमार सिंह

# Teachers of Bihar

*The change makers*

Class 9

Physics

## चाल और वेग में अंतर

| चाल | वेग |
|---|---|
| किसी भी दिशा में वस्तु द्वारा एकांक समय में तय की दूरी को वस्तु की चाल कहते हैं। $चाल = \frac{दूरी}{समय}$ | एक निश्चित दिशा में वस्तु द्वारा एकांक समय में तय की दूरी को वस्तु का वेग कहते हैं। $वेग = \frac{विस्थापन}{समय}$ |
| चाल अदिश राशि है ।इसमें केवल परिमाण होता है, दिशा नहीं । | वेग सदिश राशि है। इसमें परिमाण के साथ-साथ दिशा भी होती है। |
| किसी भी वस्तु की चाल धनात्मक होती है,ऋणात्मक नहीं । | किसी भी वस्तु का वेग धनात्मक,ऋणात्मक तथा शून्य हो सकता है। |



Pratibha Pandey

# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 1)




न्यू प्राथमिक विद्यालय ढढ़निया



महाबल भृगनाथ+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय बहेरा भभुआ में स्कूल डायरी वितरण

# फोटो ऑफ द मंथ (भाग 2)






# Know it


Teachers of Bihar
The Change Makers
राकेश कुमार
शिक्षा शब्दकोश
एंग्जायटी
एंग्जायटी (Anxiety) अवसाद, निराशा व दुःख से जन्म लेती है। जब हम अपनी भावनाओं को अनदेखा करते हैं तो वे हमारे दुःख का कारण बनती हैं। ठीक इसी प्रकार, नजरअंदाज किए जाने पर अवसाद एंग्जायटी (Anxiety) का रूप ले सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति को हर वक्त इस बात का डर लगा रहता है कि कुछ गलत होने वाला है।
www.teachersofbihar.org

# STUDENT OF THE MONTH

TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर



*Student of the month*

MONTH : APRIL

YEAR :2023

बालमन कैमूर के तरफ से बहुत – बहुत बधाई

नाम : रामराज कुमार

वर्ग :8

विद्यालय : उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदासपुर

प्रखंड : कुदरा

उपलब्धि :कबाड़ से बैटरी द्वारा संचालित समरसेबल पंप के मॉडल का प्रदर्शन। डीसी जेनरेटर निर्माण कर जिला में लाइव प्रदर्शन । जिला द्वारा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।





टीचर्स ऑफ बिहार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर

# CERTIFICATE

## OF APPRECIATION

THIS AWARDED TO CERTIFY THAT

# RAMRAJ KUMAR

**Student of the month**
**April 2023**

*U.H.S. HARDASPUR KUDRA*

विद्यालय की गतिविधियों में अच्छी भागीदारी के साथ कलात्मक,गुणवातापूर्ण शिक्षा के साथ अपने नवाचार से उत्कृष्ट कार्य के लिए "स्टूडेंट ऑफ द मंथ " से सम्मानित किया जाता है।

dhiraj kumar

धीरज कुमार
बालमन कैमूर पत्रिका संपादक

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर पत्रिका के तरफ से बहुत बहुत बधाई



TEACHER OF THE MONTH
APRIL 2023

# शिक्षक परिचय

## TEACHER OF THE MONTH

नाम :शीला साव

पद : बेसिक ग्रेड शिक्षिका

विद्यालय :प्राथमिक विद्यालय बहादुरा

प्रखंड : मोहनिया

जिला :कैमूर

उपलब्धि : कम समय में विद्यालय में गतिविधि कार्य सह कलात्मक शिक्षा से बच्चो को जोड़ना।

TEACHERS OF BIHAR

# बाल मन कैमूर पत्रिका

TEACHER OF THE MONTH

## *Sheela shaw*

प्राथमिक विद्यालय बहादुरा (मोहनियां)
कैमूर

कम समय में गतिविधि कार्य सह कलात्मक शिक्षा के लिए बाल मन कैमूर पत्रिका के द्वारा आपको टीचर ऑफ द मंथ की उपलब्धि प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है।हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

*Dhiraj kumar*

**धीरज कुमार**
**प्रधान संपादक**

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

6 अप्रैल

**मधु प्रिया**

## अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 6 अप्रैल

अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस




विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाता है। यह तिथि 1896 में, एथेंस (ग्रीस) में आधुनिक युग के पहले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन की याद दिलाती है। विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस सामाजिक परिवर्तन , सामुदायिक विकास और शांति और समझ को बढ़ावा देने के लिए खेल की शक्ति का एक वार्षिक उत्सव है। 23 अगस्त 2013 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बनाया गया , 6 अप्रैल 2014 से अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा समर्थित। यह तिथि 1896 में एथेंस , (ग्रीस ) में आधुनिक युग के पहले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन की याद दिलाती है । पुरे विश्व भर में खेल को विकास और शांति हेतु बनाये रखने और बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2021, में 6 अप्रैल मंगलवार के दिन विकास और शांति हेतु अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी के संस्थापक सह आधुनिक ओलिंपिक खेलों के जनक फ्रांसीसी इतिहासकार पियरे फ्रेडे बैरोन डि कूबर्टिन के प्रयास से छह अप्रैल 1896 को एथेंस में पहला आधुनिक ओलिंपिक खेल शुरू हुआ था, इसलिए इस दिन को अंतराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का फैसला लिया गया।

Your paragraph text

/teachersofbihar

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

Thursday

## 06 अप्रैल

1. **विश्व शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस–** संयुक्त राष्ट्र संघ ने 6 अप्रैल को विश्व शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया है। 1896 ई. में पहले ओलंपिक खेलों को शुरूआत 6 अप्रैल को ही एंथेस में हुआ था। यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 अगस्त, 2013ई. को पारित किया। प्राचीन ओलंपिक खेलों पर रोमन सम्राट थिडोसियस द्वारा रोक लगाए जाने के 1500 साल बाद दोबारा अस्तित्व में आए।

2. **नमक कानून तोड़ा गया–** गांधी जी ने श्री मति सरोजनी नायडू और अब्बास तैयवजी के साथ 6 अप्रैल, 1930 ई. को गुजरात के दांड़ी नामक स्थान पर समुद्र का पानी उबालकर नमक बनाया तथा मिट्टी और नमक के ढेला उठाकर घोषणा की कि "मैं ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलाकर रख दूँगा।" इस तरह गांधी जी ने नमक कानून का उल्लंघन किया। देश के भी कई जगहों पर नमक बनाकर कानून तोड़े गए। दांडी मार्च की सफलता ने इस बात को प्रमाणित कर दिया कि गांधी एक असाधारण और विलक्षण प्रतिभा के व्यक्ति थे। उनमें अहिंसा और सत्य को आधार बनाकर तथा सारे कष्टों को झेलकर आम आदमी के मुक्ति तथा न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्षरत रहने में उनकी आस्था थी।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 1, पृष्ठ 13 तथा अध्याय 12, पृष्ठ 204** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

3. **रॉबर्ट पियरे उत्तरी ध्रुव पर पहुँचे–** 6 अप्रैल, 1909 को रॉबर्ट ई0 पियरे उत्तरी ध्रुव पर पहुँचने वाले व्यक्ति बने। सन् 1856 में जन्में रॉबर्ट पियरे अमेरिकी नौसेना के ऑफिसर थे। इस यात्रा की शुरूआत उन्होंने जुलाई 1908 ई. में रूजवेल्ट जहाज द्वारा न्यूयार्क से प्रारंभ की थी और सितम्बर 1909 ई. में घर वापस पहुँचे। पियरे व उनके साथी मैथ्यु हैंसन एस्किमों लोगों व स्लेज गाड़ियों की मदद से उत्तरी ध्रुव पर पहुँचे।
   - **संदर्भः** बच्चों को भूगोल की पाठ्यपुस्तक **हमारी दुनिया भाग 1, अध्याय 3** से जोड़कर बतायें।

4. **भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस–** 6 अप्रैल, 1980 ई. को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 ई. में स्थापित भारतीय जनसंघ से इस नई पार्टी का जन्म हुआ। 1977 ई. में आपातकाल की घोषणा के बाद जनसंघ का कई अन्य दलों से विलय हुआ और जनता पार्टी का उदय हुआ। पार्टी ने 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस से सत्ता छीन ली और 1980 ई. में जनता पार्टी को भंग करके भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी गई।
   - **संदर्भः** वर्ग दशम् नागरिक शास्त्र की पुस्तक की **अध्याय 3 भारत के मुख्य राजनीतिक दल** से जोड़कर बतायें।

/teachersofbihar

*Madhu priya*

# खुद को परखें ( सामान्य ज्ञान )

## 1

**रानी लक्ष्मीबाई का जन्म किस स्थान पर हुआ था ?**

A. वाराणसी
B. झांसी
C. ग्वालियर
D. ओरछा




www.teachersofbihar.org
सही उत्तर : A

## 2

**ISRO(इसरो) का फुल फॉर्म क्या होता है**

A. इंडियन साइंस रिसर्च ऑर्बिट
B. इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन
C. इंटरनेशनल साइंस रेस्ट ऑफिस
D. इंडियन स्पेशल रिसर्चऑर्गेनाइजेशन

## 3

**प्रथम भारतीय अंतरिक्षयात्री राकेश शर्मा अंतरिक्ष पर कब पहुंचे थे?**

A. 03 अप्रैल 1995
B. 03 अप्रैल 1983
C. 03 अप्रैल 1984
D. 13 जनवरी 1984



1. A 2.B 3. C 4. D

www.teachersofbihar.org
सही उत्तर : C

## 4

**प्रार्थना समाज की स्थापना किसने द्वारा की गई ?**

A. दयानंद सरस्वती
B. राजाराम मोहन राय
C. ईश्वरचंद्र विद्यासागर
D. आत्माराम पांडुरंग



www.teachersofbihar.org
सही उत्तर : D

# Thank You

अपने सुझाव और जवाब  मोबाइल नंबर
9431680675 पर दे सकते है।